



**पिछले 6 दिनों के तापमान के आंकड़े**

जिले में पिछले एक सप्ताह से पारा लगातार 43 डिग्री के पार दर्ज किया जा रहा है.

| अधिकतम तापमान |
| --- |
| 15 मई-43.8 |
| 16 मई-43.4 |
| 17 मई-43.0 |
| 18 मई-44.4 |
| 19 मई-45.0 |
| 20 मई-44.2 |

## रायसेन में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी

▸ 41 से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है पारा

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 21 मई. रायसेन जिले में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने लू (हीटवेव) का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. गुरुवार को सुबह 11 बजे ही जिले का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.**

पिछले एक सप्ताह से दिन का अधिकतम तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है.तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है. लोग सिर्फ बहुत जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं. रात का न्यूनतम तापमान भी 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे रात में भी उमस और गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है. इस भीषण गर्मी के सामने घरों में लगे कूलर और पंखों की हवा भी बेअसर साबित हो रही है.

**डॉक्टरों की सलाह- धूप से बचें, पानी ज्यादा पिएं**

लगातार बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दोपहर के समय तेज धूप में घर से बाहर निकलने से पूरी तरह बचें. शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अधिक से अधिक पानी पिएं और तरल पदार्थों का सेवन लगातार करते रहें.

**19 मई को रहा सप्ताह का सर्वाधिक तापमान**

आंकड़ों के अनुसार, 19 मई को जिले का अधिकतम तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस सप्ताह का सबसे गर्म दिन रहा. वहीं, बुधवार (20 मई) को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था. मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में किसी बड़ी गिरावट की संभावना से इनकार किया है और लू का असर लगातार बने रहने की आशंका जताई है.

## रेंजर को फंसाने के विरोध में किया प्रदर्शन

▸ संयुक्त कर्मचारी संघ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 21 मई. वन माफिया पर कार्रवाई करने वाले रेंजर अरविंद अहिरवार के खिलाफ वन माफिया की झूठी शिकायत एवं षडयंत्र के विरोध में गुरुवार को रायसेन जिले के समस्त कर्मचारी संगठनों राजस्व, वन, पुलिस, सहकारिता, नगरीय प्रशासन, जनपद, पंचायत सचिव संघ ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंपा.**

ज्ञापन में निष्पक्ष जांच कराने कर प्रकरण समाप्त करने की मांग की है. सुल्तानगंज में भी रेंजर अहिरवार को झूठा फंसाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को कर्मचारियों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा कर कार्रवाई को समाप्त की मांग की गई है. गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू टीम ने कल 20 मई को रेंजर अरविंद अहिरवार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा है. इसे रेंजर ने वन माफिया की सुनियोजित साजिश बताया है. खास बात यह है कि इस मामले में फरियादी बने शकील पठान एवं नवेद पठान पर पहले रेंजर अहिरवार ने बड़ी कार्रवाई की थी. शकील अहमद के मकबरा मोहल्ला स्थित फॉर्म हाउस से 5. 11. 25 को वन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग की सयुक्त टीम द्वारा छापामारी करके 383 नग याने 9. 252 घनमीटर बेशकीमती इमारती अवैध सागौन की लकड़ी एवं लकड़ी से भरी एक क्वालिस जीप जब्त की थी. तब से आरोपी शकील अहमद उसके भाई नवेद पठान द्वारा सीएम हेल्पलाइन, मानव अधिकार आयोग में अनेक शिकायत की गई, जांच में सभी शिकायतें झूठी पाई गई. रेंजर अहिरवार ने शकील अहमद के विरुद्ध पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दिया गया था कि वह उनकी झूठी शिकायतें कर झूठे प्रकरण और रिश्वत में फंसाने का प्रयास कर रहा है. जबकि शकील अहमद आदतन अपराधी प्रवृति का है और उस पर बेगमगंज थाने में विभिन्न धाराओं में 12 प्रकरण दर्ज है. ये कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अनुचित काम कराने के लिए दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायतें कर फंसाने का प्रयास करता है. इसी क्रम में इसने ईओडब्ल्यू टीम की मिलीभगत से रिश्वत कांड का षडयंत्र रचकर रेंजर अरविंद अहिरवार को फंसाने का काम किया है. शकील पठान एवं उसके भाई नवेद पठान ईओडब्ल्यू मामले में फरियादी बने और ईओडब्ल्यू टीम ने कल 20 मई को रेंजर अरविंद अहिरवार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा. हालांकि रेंजर अहिरवार का कहना है कि उन्हें बदले की भावना से झूठा फंसाया गया है. घटना से कुछ मिनट पहले उनके पास एक शिकायती आवेदन देने नवेद पठान आया था. उन्हें नहीं पता था कि उस आवेदन में पाउडर लगा है जो उनके द्वारा लिए जाने पर रंग उनकी उंगलियों में लग जाएगा. पांच हजार रुपए की कथित रिश्वत राशि भी उनके पास से बरामद नहीं हुई, बल्कि बाहर से लाकर जब्ती बनाई गई.

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. दूसरी ओर रेंजर अरविंद अहिरवार के समर्थन में बेगमगंज क्षेत्र की समाजसेवी संस्थाएं और आम नागरिक ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं.

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार 3 लोग घायल

**सलामतपुर, 21 मई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित दीवानगंज में स्थित साईं मंदिर के पास गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए.**



दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई.जानकारी के अनुसार बालमपुर निवासी जानकीदास (40), उनकी पत्नी विनीता बाई (36) और पंकज (24) बाइक से सांची की ओर जा रहे थे. इसी दौरान साईं मंदिर के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. सूचना मिलते ही दीवानगंज 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची. एंबुलेंस में तैनात डॉक्टर सुरेंद्र शाक्य और पायलट माखन लाल पंथी ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया. इसके बाद तीनों घायलों को उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई थाने नहीं आया है.

### राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराएं

**रायसेन, 21 मई.** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरुवार को भी प्रात: कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व प्रकरणों तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई. उन्होंने कहा नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया.

### एक नजर में



**श्रमदान से जल संरक्षण के प्रयास जारी**

**बेगमगंज, 21 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान में नदियों का जीवन बचाने के लिए श्रमदान से सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है. ब्लॉक बेगमगंज में इस अभियान के अंतर्गत नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जनसहभागिता से जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य किए जा रहे हैं. इस अवसर पर परामर्शदाता शुभम दुबे ने श्रमदानियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इस धारणा से जल को संरक्षित करने हेतु जल संरचनाओं को संरक्षित, साफ और स्वच्छ करने में भागीदारी सुनिश्चित करें. जल गंगा संवर्धन अभियान अंर्तगत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ब्लॉक बेगमगंज की नवांकुर संस्था मूढ़ला बेर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के द्वारा लगातार जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे है. इसी तारतम्य में ग्राम गेहूरास के नाले में साफ सफाई अभियान चलाया गया. साथ ही जल स्रोतों में जमी हुई गाद निकालने का कार्य किया गया .साथ ही यह संदेश भी समाज को दिया जा रहा है ताकि समाज के बुद्धिजीवी जागरूक लोग भी ऐसे ही जल संरक्षण जल संवर्धन के कार्य किये जायें ताकि जल स्त्रोत पुनर्जीवित हो सके. जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर सेक्टर क्रमांक 1 पलोहा के प्रभारी अरविंद गुर्जर, परामर्श दाता शुभम दुबे,समिति प्रमुख कपिल ठाकुर,सीताराम ,भूपेंद्र ठाकुर,रवि राजपूत दीपक ठाकुर योगेंद्र ठाकुर योगेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे.

**अनियंत्रित होकर पलटा आयशर ट्रक**

**सलामतपुर, 21 मई.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर गुरुवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया. देहरी के पास सुबह करीब 6 बजे एक आयशर ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. हादसे के समय हाईवे पर यातायात कम होने से किसी अन्य वाहन को नुकसान नहीं पहुंचा. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था, तभी चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया. राहत की बात यह रही कि हादसे में ट्रक चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई. गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी देहरी पर भूसे से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया था. हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम भी लग गया, जिसमें करीब 20 से अधिक वाहन फंस गए थे. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईवे पर रोजाना बड़ी संख्या में ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है. इसके बावजूद इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे प्रशासन की लापरवाही उजागर हो रही है.

## कृषि रथ से किसानों को किया जा रहा जागरूक



**बाड़ी, 21 मई.** कृषि कल्याण वर्ष के तहत बाड़ी विकासखंड में कृषि रथ के माध्यम से पंचायतों में पहुंचकर किसानों को खरीफ सीजन से पूर्व बुवाई तथा कृषि एवं उद्यानिकी फसलों की तकनीकी जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा दी जा रही है. कृषि विभाग से उर्वरक वितरण की ई विकास प्रणाली, नरवाई प्रबंधन, मृदा नमूना, प्राकृतिक खेती, फसलों की उन्नत प्रजाति, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग की जानकारी दी जा रही है .साथ ही उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के द्वारा फल, सब्जी, मसाला फसलों को लगाने तथा ड्रिप , स्प्रिंकलर से सिंचाई तकनीक व प्रधान मंत्री लघु उद्योग लगाने हेतु जानकारी दी जा रही है. इस मौके पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धरम सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी ओम प्रकाश चौहान, विकास खंड तकनीकी प्रबंधक हीरालाल मालवीय,वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी राकेश जाट, कृषि विस्तार अधिकारी बीएस पवैया तथा किसान उपस्थित रहे.

## बंद खदान से पत्थर चोरी करते हाइड्रा और ट्रैक्टर जब्त


▸ खबर का असर, प्रशासन ने छापामार कार्रवाई की

अदनान खान

**रायसेन, 21 मई. जिला प्रशासन ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की है. 16 मई को नवभारत ने कागजों में बंद खदान से रोज निकल रहा लाखों का पत्थर शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी. खबर लगते ही प्रशासन हरकत में आया और खनिज विभाग ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में उपयोग हो रहे वाहनों को जब्त किया.**



कागजों पर बंद खदान से रोज निकल रहा लाखों का पत्थर



अधिकारियों के अनुसार बंद पड़ी खदान से पत्थरों की चोरी की जा रही थी. कलेक्टर के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी महेंद्र पटेल और खनिज निरीक्षक अर्चना ताम्रकार ने टीम के साथ कानपोहरा खदान पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान एक हाइड्रा मशीन और फर्शी पत्थर के टुकड़ों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई. वहीं अवैध खनन पर कार्रवाई होने से ग्रामीणों ने आभार माना है.

**सांची थाने में रखे गए जब्त वाहन**

खनिज विभाग ने जब्त वाहनों को सांची थाना पुलिस की अभिरक्षा में रखवाया है. अधिकारियों ने बताया कि संबंधित वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा.इसी अभियान के तहत सत्रावण रेत खदान पर भी कार्रवाई की गई. यहां अवैध उत्खनन में लगे एक ट्रैक्टर-लोडर को जब्त किया गया. खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

## विधायक निधि से दिए पानी के टैंकर

▸ डॉ. प्रभुराम चौधरी ने की पेयजल की समीक्षा



**सलामतपुर, 21 मई.** सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा जनपद पंचायत सांची में पेयजल की समीक्षा की गई. साथ ही 15 पंचायतों में पेयजल सुविधा हेतु पानी के टेंकर (मय फायर फायटर) वितरण किए गए. विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा जनपद पंचायत सांची में आयोजित पेयजल की समीक्षा बैठक में पीएचई एवं सांची जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया कि पेयजल समस्या के संबंध में आने वाली शिकायतों का निराकरण त्वरित गति से किया जाए. बैठक के पश्चात विधायक डॉ. चौधरी द्वारा जनपद पंचायत सांची की 15 ग्राम पंचायतों, सरार, खोहा, परवरिया, कानपोहरा, मउपथरई, अंडोल, सरचम्पा, नांद, सिरसौदा, चिरहोली-41, भादनेर, जमुनिया, डावरा इमलिया, राताततलाई एवं चिरहोली-14 को विधायक निधि से एक-एक पानी के टेंकर (मय फायर फायटर) वितरण किए गए. इस अवसर पर सांची जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, उपाध्यक्ष वैजंती बाई गंगाराम चौकसे, नगर परिषद अध्यक्ष सांची पप्पू रेवाराम अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य सपना लवारिया उपस्थित रहे.

### 20 दिवसीय ब्यूटी एंड वेलनेस प्रशिक्षण

**सलामतपुर, 21 मई.** पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल दीवानगंज में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी एंड वेलनेस विषय का 20 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है. छात्राओं को ब्यूटी एंड वेलनेस से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियां प्रदान की जा रही हैं. प्रशिक्षण में स्किन केयर, हेयर केयर, मेकअप एवं पर्सनालिटी ग्रूमिंग जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है. इस प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक पलक मालवीय द्वारा किया जा रहा है.

## 10 दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

▸ सीएमओ ने किया देररात बाजार क्षेत्र का निरीक्षण



**रायसेन, 21 मई.** नगर पालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत कमर कस ली है. इसी क्रम में बुधवार देर रात नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने टीम के साथ पीछे बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान गंदगी फैलाने वाले 10 दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की गई. निरीक्षण के दौरान सीएमओ सुरेखा जाटव के साथ स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत और स्वच्छता सर्वेक्षण टीम मौजूद थी. टीम ने दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने गंदगी न करने और कचरा सड़क पर न फेंकने की समझाइश दी.जांच में ऐसे 10 दुकानदार पाए गए जिनकी दुकानों में डस्टबिन नहीं थे और वे कचरा दुकान के सामने सड़क पर फेंक रहे थे. इस पर नगर पालिका ने इन दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की. सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए गए.उन्होंने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की.

**कथा** ▸ बेगमगंज की टीचर कॉलोनी में चल रही है श्रीमद् महापुराण कथा

## जीवन एक गुरुकुल है : शास्त्री जी

**बेगमगंज , 21 मई. टीचर कॉलोनी में हरिदास दामोदर दास महेश्वरी द्वारा कराई जा रही श्रीमद् महापुराण कथा में कथा व्यास पं.कमलेश कृष्ण शास्त्री तिन्सुआ वालों ने प्रवचन दिए. उन्होंने कहा कि हरि कथा वह अमृतधारा है, जो जीवन के संतापों का शमन करती है. चित्त को शांति प्रदान करती है. बुद्धि के समस्त भ्रमों और संशयों को हरकर उसे सत्य के आलोक में प्रतिष्ठित करती है और आत्मा को उसके मूल स्वरूप से परिचित कराती है.**



उन्होंने कहा कि जीवन वस्तुत: एक गुरुकुल है, और प्रत्येक मनुष्य उसमें एक शिष्य. जो व्यक्ति शिष्यत्व के संघर्ष को त्याग देता है, वह जीवन के प्रवाह से विमुख होकर जड़ता का प्रतीक बन जाता है. अत: मनुष्य का प्रथम लक्ष्य सदैव एक योग्य शिष्य बनना होना चाहिए. जब तक शब्द और संदेश आचरण में परिणत नहीं होते, तब तक वे कर्ता के लिए निष्फल और उद्देश्यहीन ही रहते हैं. उनकी सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब वे जीवन में उतरकर स्वयं के साथ-साथ अन्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनें; अन्यथा वे केवल बुद्धि का विलास बनकर रह जाते हैं.

उन्होंने कहा कि मनुष्य प्राय: उत्तम विचारों को सुनकर या पढ़कर उन्हें अपने मस्तिष्क में संचित कर लेता है और केवल वाणी के माध्यम से उनका प्रसार करता रहता है. परंतु वह ज्ञान यदि क्रिया में परिवर्तित नहीं होता, तो वह केवल स्मरण और श्रवण का विषय बनकर रह जाता है. जीवन का वास्तविक सौंदर्य वाणी में नहीं, अपितु आचरण में है. यदि उत्तम विचार जीवन का अंग नहीं बने, तो उन्हें ग्रहण करने का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता. साधना का प्रथम सोपान आत्मनिरीक्षण है. जो अपनी दुर्बलताओं को पहचानने और स्वीकारने का साहस रखता है, वही उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है.

शास्त्री जी ने कहा कि एकाग्रता वह उच्च अवस्था है, जहाँ से साधना की वास्तविक यात्रा प्रारंभ होती है. जैसे आकाश में चमकने वाली बिजली स्थायी प्रकाश नहीं देती, जैसे ओस की बूंदों से माला नहीं बन सकती, जैसे इंद्रधनुष के रंग स्पर्श में नहीं आते उसी प्रकार दुष्ट व्यक्तियों की प्रीति भी स्थिर नहीं होती. अत: साधक को सदैव सत्संग और सद्विचारों का आश्रय लेना चाहिए. शास्त्री जी ने कहा कि सद्विचार ही वे रत्न हैं जो अपमान, अभाव, रोग, चिंता, बहिष्कार और जीवन की प्रत्येक प्रतिकूलता में हमें स्थिरता और सामर्थ्य प्रदान करते हैं. सद्विचारों में टूट विश्वास ही श्रद्धा है, और यही श्रद्धा मनुष्य को महानता की ओर अग्रसर करती है.

## महिलाएं सीख रही हैं सिलाई-कढ़ाई

▸ सलामतपुर में 15 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण

**सलामतपुर, 21 मई. वेल नेतृत्व परियोजना अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा सलामतपुर एवं बेरखेड़ी टुंडा में 15 दिवसीय नि:शुल्क सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की 40 महिलाओं व युवतियों को सिलाई एवं कढ़ाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है.**



प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें घर बैठे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है. कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, मशीन संचालन, फिनिशिंग, कपड़ों की कटिंग, डिजाइनिंग, मेजरमेंट तथा फैब्रिक संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों के साथ गुणवत्तापूर्ण सिलाई कार्य सिखाया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें. महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे. वेलस्पन फाउंडेशन क्रियान्वयन संस्था निवसीड बचपन भोपाल द्वारा संचालित यह पहल ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.